प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गोण्डा।

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदया,
गोण्डा।

पत्रांकः 3082 / M-38 / 38 दिनांकः 07/09/2026

विषयः— दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से प्रकाशित शीर्षक "कटौली में जल जीवन मिशन का काम अधूराः ग्रामीणों को पेयजल और आवागमन में परेशानी" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में डिजिटली माध्यम से दिनांक 09.08.2026 को प्रकाशित खबर "कटौली में जल जीवन मिशन का काम अधूराः ग्रामीणों को पेयजल और आवागमन में परेशानी" शीर्षक के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है जनपद के विकास खण्ड कटरा बाजार की कटौली ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान तक फर्म द्वारा पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग, पम्पहाउस, वितरण प्रणाली 5.50 किमी. के सापेक्ष 5.00 किमी. पूर्ण कर लिया गया है तथा शिरोपरि जलाशय 90%, बाउण्ड्रीवाल 70% पूर्ण एवं योजना में प्रस्तावित 190 नग गृहजल संयोजन के सापेक्ष वर्तमान तक 50 नग गृहजल संयोजन का कार्य किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़ी/खोदी गयी सड़कों को मोटरेबल कर दिया गया है। जल जीवन मिशन की गाइड लाइन के अनुसार योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली एवं हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर पाइप लाइन की टेस्टिंग के उपरान्त स्थाई मरम्मत का कार्य किया जाता है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनांकः /09/2026

**प्रतिलिपिः**— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, गोण्डा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उसरैना ग्राम पंचायत पेयजल परियोजना के अवशेष कार्यो एवं तोड़ी/खोदी गयी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर मानक के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner